आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 05.07.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनगर में 29 करोड़ 65 लाख़ की लागत से निर्मित धनगढ़ी पुल को जनता को समर्पित किया है।
- चम्पावत जिले में मुख्यमंत्री ने बूमघाट में जिले की दो बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
- हरिद्वार में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- प्रदेशभर में सेवा, सुशासन एवं समर्पण जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

............

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के रामनगर में 29 करोड़ 65 लाख़ की लागत से निर्मित 220 दशमलव 90 मीटर लंबे धनगढ़ी पुल को जनता को समर्पित किया है। ये पुल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–121 काशीपुर रामनगर मार्चुला बुवाखाल मार्ग कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। जो कि जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान तक पहुंचने का प्रमुख प्रवेश मार्ग होने के साथ–साथ नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत तथा पौड़ी गढ़वाल के लोगों के लिए सबसे बड़ी सौगात है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस पुल के शुरू होने से पूरे प्रदेश के लोंगों को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत के बूमघाट में जिले की दो बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 60.21 करोड़ की लागत से बूम से टनकपुर तक शारदा नदी के तट पर बाढ़ सुरक्षा (तटबंध) निर्माण कार्य और 5.74 करोड़ की लागत से पूर्णागिरी तहसील के ग्राम छीनीगोठ की सुरक्षा हेतु हुड्डी नदी पर बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री ने शारदा नदी पर संचालित बाढ़ सुरक्षा निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदा तटबंध केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और क्षेत्र के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा पर आए तीर्थयात्रियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने चंपावत जिले के टनकपुर से हरी झंडी दिखाकर अगले पड़ाव के लिए रवाना किया। 51 सदस्यीय दल में 21 वर्षीय युवक से लेकर 68 वर्ष के बुजुर्ग तक शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने का पूरा प्रयास कर रही है।

इससे पहले शनिवार को यात्री टनकपुर पहुंचे, जहां पारम्परिक कुमाउंनी रीति–रिवाज और छोलिया नृत्य से शिव भक्तों का स्वागत किया गया। तीर्थयात्रियों ने यात्रा की सुविधाओं पर संतुष्टि जतायी।

चम्पावत जिले के मार्ग से दूसरी बार यात्रा संचालित की जा रही है।

हरिद्वार

हरिद्वार में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सहकार से समृद्धि उत्तराखंड की प्रगति थीम के तहत सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज से 5 वर्ष पूर्व भारत में एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया गया। श्री अमित शाह को पहले सहकारिता मंत्री बनें। उन्होंने बताया कि पूरे देश में 29 जून से 6 जुलाई तक विभिन्न प्रकार के आयोजन किये गये है। इसमें वृक्षारोपण, किसान गोष्ठी और सहकारिता सम्मेलन शामिल है। इस दौरान पूरे देश में एक करोड़ वृक्षारोपण लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सहकारिता समिति बहादराबाद के चेयरमैन अनिल चौहान ने कहा कि इस मौके पर वृक्षारोपण किए जा रहे हैं, जिससे किसी को परेशानी न हो।

सतपाल महाराज

प्रदेशभर में संचालित सेवा, सुशासन एवं समर्पण जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पौड़ी जिले के विकासखंड एकेश्वर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री

और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र को विकास योजनाओं की सौगात दी, विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया तथा स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है।

उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के हर्षिल में चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।उन्होंने कार्य की प्रगति को देखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को तीव्र गति से पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मानसून और नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते

हुए कार्यों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाए। एडीएम ने कहा कि नदी के तेज बहाव के कारण जो भूमि कटाव हो रहा है, उसे रोकने के लिए सुरक्षात्मक कार्य बेहद जरूरी हैं।

रानीखेत

रानीखेत के विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने करीब 9 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए बस टर्मिनल का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को तय समय पर कार्य पूरा करने के साथ ही, गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि बस टर्मिनल बनने से रानीखेत में अन्य महानगरों की तर्ज पर बसों को खड़ा करने की सुविधा के साथ यात्रियों को भी आवागमन में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।